Weekly/ Fortnightly/ Monthly Test on ……….

Name: …………………………………..

Class & Section: ………………………

Roll No.: ………………………………..

Subject: …………………………………

………

निम्नलिखित वाक्यों का रचना के आधार पर निर्देशानुसार रूपांतरण कीजिये:

1. सरल वाक्यों (संश्लेषण) से संयुक्त वाक्य:

उसने परिश्रम किया। उसे अच्छे अंक प्राप्त हुए।

a. उसने परिश्रम किया और उसे अच्छे अंक प्राप्त हुए।
b. उसके परिश्रम के कारण उसे अच्छे अंक प्राप्त हुए।
c. क्योंकि उसने परिश्रम किया उसे अच्छे अंक प्राप्त हुए।
d. इनमे से कोई नहीं।

2. संयुक्त वाक्य से मिश्र वाक्य:

मैंने बच्चों को रोते हुए देखा और उनसे रोने का कारण पूछा।

a. बच्चों को रोते हुए देख कर मैंने रोने का कारण पूछा।
b. बच्चे रो रहे थे और मुझे कारण पता नहीं था।
c. मैंने बच्चों को रोते हुए देखा, फिर से कारण पूछा।
d. जब मैंने बच्चों को रोते हुए देखा तो उनसे रोने का कारण पूछा।

3. मिश्र वाक्य से सरल वाक्य:

जब बादल गरजे तब उसका दिल काँप उठा।

a. बादल गरजे और उसका दिल काँप उठा।
b. बादल गरजे तथा उसका दिल काँप उठा।
c. a या b
d. बादलों के गरजने पर उसका दिल काँप उठा।

4. मिश्र वाक्य से संयुक्त वाक्य:

जैसे ही दिन के सवा दस बजे मैंने उधर की ओर ध्यान लगा लिया।

a. दिन के सवा दस बजने पर मैंने उधर की ओर ध्यान लगा लिया।
b. दिन के सवा दस बजे और मैंने उधर की ओर ध्यान लगा लिया।
c. दिन के सवा दस बजते ही मैंने उधर की ओर ध्यान लगा लिया।
d. इनमे से कोई नहीं।

5. सरल वाक्य से मिश्र वाक्य:

साहसी लोग सफल होते हैं।

a. साहसी लोग असफल होते हैं।
b. जो लोग साहसी होते हैं वे सफल होते हैं।
c. साहसी लोग भी सफल होते हैं।
d. वो साहसी है और सफल भी।

6. संयुक्त वाक्य से सरल वाक्य:

मज़दूर मेहनत करता है परन्तु उसका फायदा उसे नहीं मिलता।

a. मज़दूर को अपनी मेहनत का फायदा नहीं मिलता।
b. जो मज़दूर मेहनत करता है उसे उसका फायदा नहीं मिलता।
c. फायदा उन्ही नहीं मिलता जो मज़दूर हैं।
d. क्यों मज़दूर को अपनी मेहनत का फायदा नहीं मिलता?

7. मिश्र वाक्य से सरल वाक्य:

जो गरजते हैं वे बरसते नहीं।

a. वो गरजते हैं मगर बरसते नहीं।
b. जो गरजते हैं वे बरसते हैं ।
c. गरजने वाले बरसते नहीं।
d. इनमे से कोई नहीं।

8. संयुक्त वाक्य से मिश्र वाक्य:

उसने मुझे देखा और भाग लिया।

a. जब उसने मुझे देखा तो भाग लिया।
b. वह मुझे देखते ही भाग निकला।
c. a या b में से कोई भी
d. उधर मुझे देखा इधर भाग लिया।

9. संयुक्त वाक्य से सरल वाक्य:

यह फिल्म बहुत रुचिकर है इसलिए मैं इसे दोबारा देखूंगा।

a. क्योंकि यह फिल्म बहुत रुचिकर है, मैं इसे दोबारा देखूंगा।
b. यह फिल्म बहुत रुचिकर है तो मैं इसे दोबारा देखूंगा।

c. यह फिल्म बहुत रुचिकर है और मैं इसे दोबारा देखूंगा।
d. इस रुचिकर फिल्म को मैं दोबारा देखूंगा।

10. सरल वाक्य से मिश्र वाक्य:

ओहदे वाले अक्सर शक्ति का दुरुपयोग कर बैठते हैं।

a. उनके पास ओहदा है, इसलिए वे शक्ति का दुरुपयोग कर बैठते हैं।
b. जिनके पास ओहदा होता है वो अक्सर शक्ति का दुरुपयोग कर बैठते हैं।
c. उनके पास ओहदा है तब भी वे शक्ति का दुरुपयोग कर बैठते हैं।
d. इनमे से कोई नहीं।

उत्तर एवं स्पष्टीकरण

1. a. उसने परिश्रम किया और उसे अच्छे अंक प्राप्त हुए।
   [क्योंकि इस वाक्य में दो स्वतंत्र उपवाक्य हैं तथा दोनों उपवाक्य संयोजक "और" से जुड़े हुए हैं।]
2. d. जब मैंने बच्चों को रोते हुए देखा तो उनसे रोने का कारण पूछा।
   [क्योंकि इसमें आश्रित उपवाक्य "जब मैंने बच्चों को रोते हुए देखा" है।]
3. d. बादलों के गरजने पर उसका दिल काँप उठा।
   [क्योंकि इसमें सिर्फ एक क्रिया पदबंध है- "काँप उठा"]
4. b. दिन के सवा दस बजे और मैंने उधर की ओर ध्यान लगा लिया।
   [क्योंकि इस वाक्य में दो स्वतंत्र उपवाक्य हैं तथा दोनों उपवाक्य संयोजक "और" से जुड़े हुए हैं।]
5. b. जो लोग साहसी होते हैं वे सफल होते हैं ।
   [क्योंकि इसमें आश्रित उपवाक्य "जो लोग साहसी होते हैं" है।]
6. a. मज़दूर को अपनी मेहनत का फायदा नहीं मिलता ।
   [क्योंकि इसमें सिर्फ एक क्रिया पदबंध है- "फायदा नहीं मिलता"]
7. c. गरजने वाले बरसते नहीं ।
   [क्योंकि इसमें सिर्फ एक क्रिया पदबंध है- "बरसते नहीं"]
8. a. जब उसने मुझे देखा तो भाग लिया।
   [क्योंकि इसमें आश्रित उपवाक्य "जब उसने मुझे देखा" है।]
9. d. इस रुचिकर फिल्म को मैं दोबारा देखूंगा।
   [क्योंकि इसमें सिर्फ एक क्रिया पदबंध है- "दोबारा देखूंगा"]
10. b. जिनके पास ओहदा होता है वो अक्सर शक्ति का दुरुपयोग कर बैठते हैं।
    [क्योंकि इसमें आश्रित उपवाक्य "जिनके पास ओहदा होता है" है।]